ores of Goa, which forms nearly 50 per cent of the quantity of the country's total exports of these items ; and

(b) if so, the action taken thereon ?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI DINESH SINGH) : (a) Yes, Sir.

(b) The matter is under examination.

**मैसर्स बल्लभ एंड अग्रवाल लेबर कान्ट्रेक्टर, कलकत्ता**

8272. श्री राम चरण : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे ने मैसर्स बल्लभ एंड अग्रवाल लेबर कान्ट्रेक्टर, कलकत्ता का नाम काली सूची में दर्ज किया है ;

(ख) यदि हां, तो कब दर्ज किया गया था और उसके बाद इस फर्म को कितने ठेके दिये गये;

(ग) क्या यह भी सच है कि काली सूची में दर्ज इस फर्म का एक मालिक इलाहबाद लेबर सप्लाई ऐजेंसी का भी मालिक है ; और

(घ) यदि हां, तो इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (श्री च० म० पुनाचा) : (क) इस नाम की किसी फर्म को रेलवे में श्रमिक ठेके नहीं दिये गये थे और न इसे काली सूची में दर्ज किया गया था। कलकत्ता के रेलवे ठेकेदार मैसर्स बल्लभदास अग्रवाल के पास रेलवे में माल चढ़ाने-उतारने के कुछ ठेके थे, लेकिन इस फर्म को काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है।

(ख) से (घ). प्रश्न के भाग (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

**पार्सलों को ढोने आदि का ठेका**

8273. श्री राम चरण : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ठेके देने के मामलों में सरकारी समितियों को वरीयता देने की रेलवे की नीति रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि इटावा, टूंडला, खुर्जा तथा सिकन्दराबाद के पार्सलों को ढोने आदि (हैंडलिंग) के लिए ठेका देने के सम्बन्ध में रेलवे पार्सल तथा कुली सहकारी श्रम ठेका समिति लिमिटेड, अलीगढ़ (रजिस्टर्ड) को प्राथमिकता नहीं दी गई थी किन्तु यह ठेका एक गैर सरकारी फर्म अर्थात् इलाहाबाद लेबर सप्लाई एजेंसी को दिया गया था;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस सरकारी समिति ने निम्नतम टेंडर दिया था; और

(घ) यदि हां, तो इस समिति को ठेका न देने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (श्री च० म० पुनाचा) : (क) से (घ). सूचना मंगाई जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

**Tungabhadra Steel Products Ltd.**

8274. SHRI S. A. AGADI : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a Galvanising Plant is proposed to be erected by the Tungabhadra Steel Products Ltd. at Tungabhadra Dam, Mysore State :

(b) if so, the date on which the order was placed for the purchase of the Plant and when it was imported ;

(c) the cost of the plant and for how long the machinery was waiting for erection ;

(d) whether it is a fact that the Chemicals that were received along with the plant are no longer usable and if so, the cost of the chemicals so wasted ; and

(e) when this Plant is likely to be commissioned ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED) : (a) Yes, Sir.

(b) The order for the purchase of the plant was placed on the 16th February, 1963 and the packages containing the equipment arrived at Bombay Port on the 19th January, 1964 ;

(c) The cost of the plant is Rs. 3,06,778.68 and the machinery is yet to be erected ;

(d) Yes, Sir, some of the chemical materials supplied alongwith the plant are no longer usable. The cost of the chemicals to be replaced is Rs. 11,096.40 ; and

(e) The Plant is expected to be commissioned by the end of May, 1968.

**Trade with Afghanistan**

8275. SHRI HEM RAJ : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether the dry fruit imports from Afghanistan and tea exports to Afghanistan have been hit in the Amritsar market by the closure of the land route after the Indo-Pak. conflict of 1965 ; and

(b) if so, the steps taken by Government to revive them ?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI DINESH SINGH) : (a) On account of Indo-Pakistan conflict resulting in closure of land route through Pakistan, Indo-Afghan trade through Amritsar, including trade in dried fruits and tea, has been affected adversely.

(b) Government have been pressing Pakistan through diplomatic channels to open the land route for Indo-Afghan trade but without any success so far.

**जोभरिया और लांघनाज के बीच रेलगाड़ी का पटरी से उतर जाना**

8276. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 3 जनवरी, 1968 "हिन्दुस्तान" में छपे समाचार के अनुसार पश्चिम रेलवे की बीजापुर-अम्बलियासा ब्रांच लाइन पर जोभरिया तथा लांघनाज रेलवे स्टेशनों के बीच एक यात्री गाड़ी का इंजन पटरी पर से उतर गया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस दुर्घटना के कारणों की जांच की गई है;

(ग) इस के परिणामस्वरूप कितने व्यक्ति हताहत हुए और रेलवे सम्पत्ति की क्या तथा कितनी हानि हुई; और

(घ) क्या सरकार को ऐसा सन्देह है कि इस दुर्घटना में किन्हीं विदेशी तत्वों का हाथ था ?

रेलवे मंत्री (श्री च० मु० पुनाचा) : (क) पश्चिम रेलवे के बिजापुर-अम्बलियासन शाखा लाइन पर गोभरिया और लांघनाज स्टेशनों के बीच 31.12.1967 को दुर्घटना हुई ।

(ख) जी हां । जांच समिति के निष्कर्ष के अनुसार दुर्घटना का कारण यह था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने समपार रोक-पटरी के कोर के बिल्कुल पास चालू लाइन की बांयी पटरी पर रेल का एक टुकड़ा रख दिया था ।

इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है ।

(ग) दुर्घटना में न कोई हताहत हुआ और न रेल सम्पत्ति को क्षति पहुँची ।

(घ) जी नहीं ।

**स्कूटर, कार और ट्रैक्टरों का आयात**

8277. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले आठ वर्षों में रुपयों में कितनी कीमत के स्कूटर, कार और ट्रैक्टरों का आयात किया गया और उन देशों के क्या नाम हैं जिन से इनका आयात किया गया है ;

(ख) उन में से क्रमशः कितनी कारों और ट्रैक्टरों को गैर-सरकारी और सरकारी क्षेत्रों में सप्लाई किया गया ; और

(ग) राज्य सरकारों के मांगे जाने पर उन्हें कितनी संख्या में ट्रैक्टर सप्लाई किये गये हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) गत आठ वर्षों में स्कूटरों, कारों तथा ट्रैक्टरों